तापमान

अधिकतम 36.2 डिग्री

न्यूनतम 34.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 6 मई 2024

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

4

तेंदूपत्ता तोड़ रहे ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, घायल



प्रवेश सूचना

BMLT (3 years) | DMLT (2 years)

DXRT (3 years) | O.T. (1 years)

D.Pharma (2 years) | Ophthalmic ass. (2 years)

साव्य इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस

कुनकुरी 7580834000

अम्बिकापुर 7440435000

## खबर संक्षेप

### हाथ-मुक्का से मारकर की थी पत्नी की हत्या

**जशपुरनगर।** चरित्र शंका पर पत्नी की डण्डा व लात, मुक्का से मारकर हत्या करने वाले पति सुमित मिंज को पत्थलगांव पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 302 का अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक जशपुर द्वारा एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जयसवाल व थाना प्रभारी पत्थलगांव को बारीकी से जांच कर आरोपी की गिरफ्तारी के संबंध में निर्देश दिए गए थे। प्रकरण की विवेचना दौरान संदेही पति सुमित मिंज उम्र 35 वर्ष निवासी बासेन कोदवारी थाना करतला जिला कोरबा को हिरासत में लेकर पूछताछ पर बताया कि 2008 से पत्नी व बच्चों के साथ ग्राम बंदियाखार कदमघाट पत्थलगांव में रह रहा है। जो चरित्र शंका पर 2 मई की शाम पत्नी को लात, मुक्का व डण्डा से मारपीट कर हत्या करना बताया। सुमित मिंज को गवाहों के समक्ष मेमोरेण्डम कथन लेकर घटना में प्रयुक्त डण्डा को जब्त किया गया है। सुमित मिंज उम्र 35 साल के विरूद्ध अपराध सबुत पाए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

### मतदान सामग्री देने और वापस लेने का दिया प्रशिक्षण

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। मतदान हेतु 6 मई सोमवार को विधानसभावार मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा। जिसे लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है इसी कड़ी में पत्थलगांव विधानसभा क्षेत्र की पोलिंग पार्टियों को चुनावी सामग्री देने व वापस लेने के दौरान ड्यूटी देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। ठाकुर शोभा सिंह कॉलेज में आयोजित इस प्रशिक्षण के दौरान एसडीएम सुश्री आकांक्षा त्रिपाठी ने चुनावी सामग्री वितरण व वापिस लेने के दौरान ड्यूटी देने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने ड्यूटी स्टाफ को मतदान सामान देने व मतदान के बाद सामान जमा करते समय ध्यान रखने वाली बातों को विस्तार से समझाया। अधिकारियों ने कहा कि सामान लेते व देते समय यह जरूर सुनिश्चित किया जाए कि सभी दस्तावेज व सामान लिस्ट के अनुसार पूरा हो। पोलिंग पार्टियों को मतदान प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेत भी दिए जाएंगे। सामान वापसी के समय सभी दस्तावेत व मशीनों की सील अच्छी प्रकार चैक करें। सामान लेते समय पीठासीन अधिकारी द्वारा भरा गया फार्म 17 सी व डायरी के सभी कॉलम पूरे भरे हो। उन्होंने बताया कि फार्म 17 सी का कॉलम 7 के आंकड़े पूरे भरे हो तथा फार्म पर पोलिंग एजेंटों के हस्ताक्षर जरूर होने चाहिए। इसके अलावा पीठासीन अधिकारी की डायरी पूरी भरी हो तथा डायरी का कॉलम 10 जरूर चेक करें।

### ग्राम बगदरी में तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा, दबने से किशोर की मौत

**लखनपुर।** रेत खाली करने के बाद शुक्रवार की शाम तेज रफ्तार से वापस बगदरी आ रहा ट्रैक्टर टपरकेला बांध के नजदीक मोड़ पर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस दौरान ड्राइवर के बगल में बैठा 16 वर्षीय रविंद्र सिंह पिता धर्मदेव सिंह की इंजन के नीचे दबने के कारण मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद चालक फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा पीएम के लिए शव अस्पताल भेजवाया।

## महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री की पत्नी हुईं शामिल

# देवी तुल्य माताओं-बहनों का सम्मान हमारा संस्कार: कौशल्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- कहा- मोदी की गारंटी के तहत सभी काम हो रहे हैं सांय सांय...

शनिवार को कुनकुरी ग्रामीण मंडल के नारायणपुर शक्तिकेंद्र के पोखराटोली में महतारी वंदन अभिनंदन कार्यक्रम हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में मुख्यमंत्री की पत्नी श्रीमती कौशल्या साय शामिल हुईं। साथ ही कुनकुरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संतोष सहाय, महामंत्री संतन राम, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह, महाकुल समाज के जिला अध्यक्ष गणेश यादव, शंकर यादव, परसू यादव, गोपाल यादव, उमाशंकर यादव, टंकेशवर यादव, निरंजन महंती, बिरेष सन्मानी, श्रीमती संतोषी बंदे, अरुण मोहंती, भुनेश्वर यादव, मुकेश प्रजापति की मौजूदगी रही। इस मौके पर श्रीमती साय ने कहा कि मोदी की गारंटी के तहत भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना का जो वादा किया था उसे पूरा किया है। महिलाओं ने जैसे विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया था, वैसे ही लोकसभा में भी रहेगा। उन्होंने कहा कि देवी तुल्य माताओं और बहनों का सम्मान करना हमारा संस्कार है। महतारी वंदन योजना इसी का एक उदाहरण है। इसके साथ ही महिलाओं को 1 लाख रुपए हर साल देने वाली कांग्रेस की घोषणा पर तंज कसते हुए श्रीमती साय ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में सिर्फ वादा किया गया और एक भी पूरा नहीं किया। जबकि मोदी की गारंटी के तहत हमने जो वादा किया था उसे पूरा कर रहे हैं। जिस तरह से आज पूरे जिले में भाजपा ने महतारी वंदना योजना अभिनंदन के जरीए महिलाओं तक पहुंचने का काम किया है। कहीं ना कहीं इसका लाभ भाजपा को चुनाव में मिलेगा।

### विधायक गोमती पत्थलगांव व बागबहार में आयोजित महतारी वंदन योजना अभिनंदन कार्यक्रम में हुई शामिल



**पत्थलगांव।** विधानसभा क्षेत्र पत्थलगांव के बागबहार भाजपा मंडल व पत्थलगांव शहर भाजपा मंडल में आयोजित महतारी वंदन योजना के अभिनंदन कार्यक्रम में विधायक गोमती साय शामिल हुई। बागबहार में विधायक गोमती साय ने महतारी वंदन योजना के अभिनंदन कार्यक्रम में कहा कि भाजपा जो आपसे वादा किया उसे निभाया है। आप लोगों ने अपनी इस बेटी जो विधानसभा चुनाव में प्यार आशीर्वाद दिया है। वही आशीर्वाद आप लोगों अब लोकसभा चुनाव में रायगढ़ लोकसभा के प्रत्याशी भाई राधेश्याम राठिया को भी वोट के रूप में देना है। प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन एवं देश में मोदी की गारंटी अपने देखा है और इसी प्रकार डबल इंजन की सरकार को बनाए रखना है तो कमल छाप में वित्त देकर तीसरी मोदी को प्रधानमंत्री बनना है। यह सब नारी शक्ति के आशीर्वाद से संभव होकर रहेगा।इस अवसर पर रवि परहा, कमलजील सिंह, चंद्रचूर्ण सिंह, आनंद शर्मा, सुमल पैकरा, शिव प्रसाद बंजारा, जनपद यादव, कोसी प्रसाद, मीना चौहान, धनियारो परहा, दुर्गावती, सुमित्रा पैकरा, भूपेंद्र जायसवाल, दया राम भगत, ⏭ शेष पेज 4 पर



### भाजपा महिला मोर्चा द्वारा महतारी वंदन रैली का किया गया आयोजन

**पत्थलगांव ।** छत्तीसगढ़ शासन की महतारी बंदन योजना जिसको लेकर महिलाओं को हर महीने सीधे खाते में एक हजार रुपए मोदी सरकार द्वारा पहुंचाए जा रहे हैं। आज देश के प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद, आभार देने के लिए भाजपा महिला मंडल मोर्चा द्वारा सभी मंडलों में महतारी वंदन रैली का आयोजन किया गया। आज पत्थलगांव की महतारी वंदन रैली में प्रबल प्रताप सिंह ने महतारी वंदन रैली में शामिल होकर अपनी भागीदारी निभाई गई। सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बीजेपी जिंदाबाद, अबकी बार मोदी सरकार, के नारे लगाते हुए महतारी वंदन रैली निकाली गई। रैली में महिला भाजपा मोर्चा की भारती शर्मा, रेणु विश्वास ,अंजू टोप्पो, शीला गुप्ता, पूनम मिश्रा सहित सैकड़ों महिलाएं मौजूद रही।

## पंडरापाठ, हर्रापाठ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

- मतदाताओं को जागरूक करने निकाली गई रैली
- शत-प्रतिशत मतदान के लिए पहाड़ी कोरवाओं को दिलाई गई शपथ

रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जशपुर जिले में तीसरे व अंतिम चरण में 7 मई को मतदान होना है। मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण हो चुकी है। ऐसे में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर भी जन जागरूकता जोरों पर है।

मतदान के इस महापर्व और उत्सव में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो इस हेतु अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज स्वीप के तहत पंडरापाठ, हर्रापाठ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित। आयोजित कार्यक्रम में शत-प्रतिशत मतदान के लिए पहाड़ी कोरवाओं को शपथ दिलाई गई। साथ ही सभी ग्रामीण मतदाताओं को जागरूक करने रैली निकाली गई। यह रैली मतदाताओं को चुनावी प्रक्रिया के महत्वपूर्ण तथ्यों के बारे में जागरूक करने के लिए समर्पित थी। सैंकड़ों के संख्या में ग्रामीण इसमें भाग लिए और गांव के मुख्य चौक पर आयोजित गांव में घूम का लोगों को मतदान करने प्रेरित किया। इसके साथ ही, गांव वालों ने पंचायत भवन में मतदान करने का समर्थन किया और मतदान को लेकर शपथ ग्रहण किया। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जो लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने के लिए हमारी सामाजिक दृष्टि को सशक्त बनाता है। शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप गतिविधि के तहत जिले भर में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई । जिसके जरिए सभी को लोकतंत्र में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया ।

## मतदान के लिए प्रशासन की तैयारी पूरी



**पत्थलगांव।** पत्थलगांव के कॉलेज में बने कंट्रोल रूम सोमवार को सुबह से सभी पोलिंग बूथों के लिए मतदान कर्मी सुरक्षा बल के साथ अपने पोलिंग बूथ के लिए रवाना होंगे। लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने का दिन मंगलवार 7 तारीख को है जिसके लिए पूरा प्रशासन रात दिन एक कर कार्य में जुटा है। मतदान कर्मी एवं सुरक्षा कर्मियों को गांव गांव पोलिंग बूथ तक ले जाने के लिए प्रशासन ने बस का अधिग्रहण किया है। इन्ही बसों में मतदान कर्मी की टीम एवं सुरक्षा कर्मियों को अपने अपने पोलिंग बूथ के लिए ईवीएम के साथ प्रस्थान करेंगे। जहां पहुचने पर उन मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा कर्मियों के रहने खाने का इंतजाम किया जाएगा। इसके लिए पहले से ही प्रशासन कंट्रोल रूम से लेकर पोलिंग बूथ एवं मतदान के दिन के लिए छाव एवं पाइन के पानी की ब्यवस्था कर दी गई है। जैसा कि अभी भारी गर्मी है 40 से 42 डिग्री तक कि गर्मी के बीच में मतदान किया जाना है।

## बुर्जुडीह के सचिव पर राजनीतिक दलों के प्रचार करने का आरोप

**जशपुरनगर।** मामले में जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष शिकायत दर्ज किया गया है। भाजपा विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिन्हा ने शिकायत उपरांत कार्रवाई की मांग की है।

> **कार्रवाई की जा रही**
>
> मामले की शिकायत हुई है,जिसे संज्ञान में लेकर संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई किया जा रहा है।
>
> **डॉ.रवि मित्तल**
> जिला निर्वाचन अधिकारी

राजनीतिक दलों के साथ प्रचार प्रसार करने के मामले में बुर्जुडीह के सचिव राजकुमार यादव के विरुद्ध भाजपा विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिंहा ने जिला निर्वाचन अधिकारी के पास शिकायत दर्ज कराया है और मांग किया है कि सचिव के विरुद्ध नियमतः कार्रवाई किया जाए। उक्ताशय की जानकारी देते हुए भाजपा के विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिंहा ने बताया कि शुक्रवार को बुर्जुडीह के सचिव राजकुमार यादव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस के पक्ष में बुर्जुडीह में प्रचार प्रसार कर रहे थे। प्रचार प्रसार कर रहे सचिव का फोटो प्रमाण के रूप में मौके से भाजपा कार्यकर्ताओं ने खींच लिया और मामले की पूरी जानकारी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की दी। जिसके बाद तत्काल विधानसभा संयोजक ओम प्रकाश सिंहा बुर्जुडीह ग्राम की ओर पहुंचे और सचिव को कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का अपील करते पाया। जिसका मौके से ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.रवि मित्तल के पास शिकायत दर्ज कराया है और मांग किया है कि उक्त मामले में सचिव के विरुद्ध कार्रवाई किया जाए।

### जुआ खेलते 9 गिरफ्तार 2 लाख रुपए जब्त


**अम्बिकापुर।** देर शाम ग्रांउण्ड में जुआ खेल रहे 9 जुआरियों को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने जुआरियों से 2 लाख 1 हजार 170 रुपए नगद बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की शाम पेट्रोलिंग के दौरान कोतवाली पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि थाना अंतर्गत मानिक प्रकाश पुर ग्राउंड में चार्जेबल बल्ब जलाकर जुआ खेल रहे है। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम द्वारा मौके पर दबिश दी गई। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो, सीएसपी रोहित कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस ने घेराबंदी कर इमलीपारा निवासी 28 वर्षीय मदन गुप्ता, दरिमा करजी भदईटिकरा निवासी 43 वर्षीय प्रेम कुमार, दरिमा छिंदकालो निवासी 48 वर्षीय जाहरू दास कंठी निवासी 35 वर्षीय सूरज दास, करजी निवासी 42 वर्षीय भुनेश्वर राजवाड़े, 36 वर्षीय सुरेंद्र सरजाल, 29 वर्षीय अम्बीशंकर, बिलासपुर चौक निवासी 40 वर्षीय वीरेंद्र साहू, कंठी निवासी 40 वर्षीय प्यारेलाल को हिरासत में लेकर उनके पास से 2 लाख 1 हजार 170 रुपए बरामद किया है।

## आचार संहिता के दौरान 1147 बदमाशों के विरूद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

- पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना व चौकी द्वारा चलाया गया अभियान

**जशपुर ।** लोकसभा चुनाव आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह निर्देशन एवं मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना व चौकी द्वारा लगातार अभियान चलाकर बदमाश, असामाजिक तत्वों, अवैध शराब, गांजा, विभिन्न नशीली दवाओं के तस्करों के विरूद्ध कार्रवाई करते हेतु उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। जिले में पुलिस ने अर्द्धसैनिक बलों के साथ मिलकर सभी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकालकर असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश दिया है।

जशपुर जिले में सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रभावी चेकिंग हेतु अन्तर्राज्यीय बार्डर चेक पोस्ट सहित सीमावर्ती सरहदी क्षेत्रों में अंर्तजिला चेक पोस्ट की व्यवस्था कुल 10 जगह भलमंडा (लोदाम), डडगांव, सकरडेगा (आरा), कोल्हेनझरिया, लावाकेरा, उपरकछार, कांची (आस्ता), सुखरापारा, सुरंगपानी, तिलडेगा पर की गई है। इन चेक पोस्ट पर गुजरने वाले वाहनों की पूरी तरह चेकिंग करने के उपरांत वाहनों का नंबर, वाहन चालक का नाम एवं पहचान दर्ज की जा रही है, साथ ही 3 फ्लाइंग स्कवायड को भी तैनात किया गया है। जशपुर पुलिस द्वारा इस अवधि में अवैध शराब के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर 167 प्रकरणों में 1646.945 लीटर कीमती लगभग एक लाख उनचालीस हजार चार सौ पछ्पन रुपए का जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। नारकोटिक्स एक्ट के तहत कुल 4 प्रकरण में कुल 115250 रुपए का मादक पदार्थ जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मादक पदार्थ गांजा के 2 प्रकरणों में कार्रवाई कर आरोपियों से 8.960 किलो जब्त किया किया गया। प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप तस्करी के 1 प्रकरण में 50 कोडिन सिरप कीमती 8500 रुपए एवं टेबलेट के 1 प्रकरण में 1072 टेबलेट कीमती 16750 रुपए जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। विभिन्न न्यायालयों से जारी गिरफ्तारी वारंट-339 एवं स्थाई वारंटी 115 तामील कराकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। माननीय न्यायालय द्वारा वारंटियों के जेल वारंट जारी करने पर वारंटियों को जेल दाखिल किया गया है। इन वारंटियों के विरूद्ध माननीय न्यायालय की ओर से वारंट निर्गत किया गया था। वारंट निर्गत होने के बाद से अभियुक्त फरार चल रहे थे, पुलिस द्वारा मुखबीर लगाकर एवं अभियान चलाकर इन्हें पकड़ा और कोर्ट में पेश किया गया है। प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत धारा 109 दं.प्र.सं. के तहत कुल 89 प्रकरण में कार्रवाई कराया गया है एवं 13 प्रकरणों में बाउण्ड ओव्हर की कार्रवाई की गई है। धारा 110, धारा 151, धारा 107, 116(3) के तहत 983 प्रकरणों में कार्रवाई की गई है एवं 532 प्रकरणों में बाउण्ड ओव्हर कराया गया है। धारा 145 के तहत-06 कार्रवाई की गई है एवं 2 प्रकरण में बाउण्ड ओव्हर कराया गया है।



5- MAY-Jash-Bhoomi pg-2_Layout 1 5/5/2024 8:15 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### असामाजिक तत्वों के खिलाफ पुलिस में की शिकायत

**कोरबा।** जिले के कुसमुंडा क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर पूर्वांचल विकास समिति प्रांगण में प्रत्येक मंगलवार को हिंदू युवाओं द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ और श्री राम जी की आरती किया जाता है। बीते शुक्रवार की सुबह जब कुछ युवा यहां पंहुचे तो उन्होंने देखा कि श्रीराम दरबार, हनुमान जी की तस्वीर और पूजा सामग्री अपने स्थान पर नहीं है बल्कि जमीन में यहां वहां बिखरी पड़ी है, वहीं हनुमान चालीसा व भगवान की तस्वीर भी कमरे के बाहर फेंकी गई है। कमरे के बाहर शराब की बोतल भी टूटी हुई पड़ी थी। यह देख हिंदू युवाओं की भावनाएं काफी आहत हुई, पूरी घटना को लेकर हिंदू युवाओं ने कुसमुंडा थाने में लिखित शिकायत की है। उनका कहना है कि किसी असामाजिक तत्वों द्वारा यह कृत्य कर क्षति पंहुचाई गई है, जिसका उद्देश्य हमारे धर्म आस्था को ठेस पहुंचाने का प्रयास किया गया है, कुछ वर्षों से इस तरह की घटनाएं लगातार घटित हो रही हैं, यह बेहद दुखद है, फिलहाल इस घटना की सूचना कुसमुंडा थाने में करते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायतकर्ताओं में प्रमुख रूप से राहुल कुमार उपाध्याय, बबलू सिंह, प्रकाश शर्मा, दिवाकर कश्यप, सक्षम बनाफर, ललित यादव, बिट्टू सिंह, नवीन झा, कमल दुबे, गुड्डू पांडेय उपस्थित रहें।

### निगम से प्राप्त कर सकते हैं जैविक खाद व वर्मी कम्पोस्ट

**कोरबा।** किचन गार्डन, घरों के उद्यानों तथा कृषि फसलों हेतु अत्यंत उपयोगी जैविक खाद व वर्मी कम्पोस्ट नगर निगम से प्राप्त किया जा सकता है। डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों से संपर्क करने पर भी यह खाद प्राप्त किया जा सकता है। निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने बताया कि निगम द्वारा जैविक खाद व वर्मी कम्पोस्ट का उत्पादन कराया गया है। जिसका पर्याप्त भण्डारण निगम के पास है। जैविक खाद व वर्मी कम्पोस्ट खाद का उपयोग उद्यानिकी कार्यो, किचन गार्डन, सब्जी बागवानी व कृषि फसलों हेतु किया जा सकता है, यह शुद्ध देशी खाद है, जिसे गीले कचरे, पत्तियों आदि से बनाया जाता है तथा इस खाद में किसी भी प्रकार का केमिकल नहीं मिला होता है, फसलों, सब्जियों आदि की अधिक पैदावार हेतु यह खाद अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा जैविक खाद 6 रूपये प्रति किलोग्राम तथा वर्मी कम्पोस्ट 10 रूपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराया जाता है, इस खाद को लेने के इच्छुक व्यक्ति निगम के स्वच्छता विभाग में संपर्क कर सकते हैं अथवा डोर-टू-डोर अपशिष्ट संग्रहण हेतु घर-घर पहुंचने वाली निगम की स्वच्छता दीदियों से संपर्क करने पर भी यह खाद उन्हें उपलब्ध हो सकता है।

### जनपद पंचायत करतला के पूर्व उपाध्यक्ष रज्जाक जिलाबदर

**कोरबा।** जनपद पंचायत करता के पूर्व उपाध्यक्ष रज्जाक अली उम्र 50 वर्ष पिता स्व. गुलज़ार अली,



साकिन नोनबिर्रा के विरूद्ध कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला बदर की कार्यवाही की गई है। शनिवार को देर शाम जारी आदेश के तहत 24 घंटे के अंदर रज्जाक अली को जिला छोड़ने के निर्देश दिए गए हैं। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी जिला बदर की कार्यवाही के तहत रज्जाक अली कोरबा जिले के समीपवर्ती जिला बिलासपुर, जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़, सरगुजा, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ चिरमिरी, गौरेला पेण्डा मरवाही जिले क्षेत्र से एक वर्ष की अवधि के लिए बाहर रहेंगे। जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी आदेश के तहत बिना वैधानिक पूर्वानुमति के इस जिले एवं उल्लेखित जिले की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकते। जब तक यह आदेश लागू रहेगा, बिना वैधानिक पूर्वानुमति लिए जिले एवं उक्त उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश न करें। उन्होंने इस आदेश का तुरंत पालन किए जाने का निर्देश देते हुए कहा है कि आदेश का पालन न किए जाने पर संबंधित के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# मनरेगा में जनजाति मजदूरों का रिकार्ड अब तक नहीं हुआ अपडेट

## पहाड़ी कोरवा, बिरहोर जैसी पिछड़ी संरक्षित जनजातियों को दिया जाना है रोजगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**अलग खबर**

महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत रोजगार मूलक कार्यों में संलग्न रहने वाले ग्रामीण मजदूरों में कितने पिछड़े संरक्षित जनजाति के मजदूरों को नियोजित किया गया है। इसका रिकार्ड भी मनरेगा प्रकोष्ठ में अपडेट नहीं है। मजदूरों की संख्या से लेकर काम वाले दिन की जानकारी मनरेगा प्रकोष्ठ सार्वजनिक करता है, लेकिन जनजाति मजदूर कितने लाभान्वित हुए यह रिकार्ड उसके पास सार्वजनिक नहीं होता।

ग्रामीण अंचलों में रोजगार मूलक कार्य देने वाली मनरेगा के तहत जिले में इस समय 50 हजार से अधिक जॉबकार्डधारी मजदूर दर्ज हैं। इन मजदूरों में पहाड़ी कोरवा और बिरहोर जैसी पिछड़ी संरक्षित जनजाति के कितने लोगों को रोजगार मिला इसका रिकार्ड जनपद से लेकर जिला पंचायत के मनरेगा प्रकोष्ठ में उपलब्ध नहीं रहता या फिर उपलब्ध होने के बावजूद उसे प्रकोष्ठ के सूचना पटल में सार्वजनिक नहीं किया गया है। जिसे यह बात सामने आती है कि मनरेगा से रोजगार मिलने में कितने लोग लाभान्वित हुए हैं, इसकी जानकारी आम लोगों तक नहीं हो पाती। एक तरफ जनमन योजना अंतर्गत पिछड़ी जनजाति क्षेत्रों में विकास की अलख जाने के उद्देश्य से शासन प्रशासन बीते जनवरी माह में सर्वे अभियान चलाया था। ऐसे क्षेत्रों को चिन्हिंत किया गया, जो विकास से दूर है और वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। ऐसे चयनित क्षेत्रों में विकास कार्य कराने हेतु योजनाएं बनाई गई, लेकिन इन जनजाति क्षेत्रों में मनरेगा से कैसे और कितने कार्य हुए इस सर्वे से सामने आया। पहुंच मार्ग नहीं होने जैसी स्थिति सर्वे दल को मिली थी। इससे जाहिर होता है कि जनजाति क्षेत्रों में मनरेगा से कार्य नहीं हुए अन्यथा पहुंच मार्ग विहीन जैसी स्थिति नहीं होती।

**खास बातें**

- जनपद के मनरेगा प्रकोष्ठ में जिला पंचायत में नहीं आई जानकारी
- जनजाति क्षेत्रों में बढ़ेंगे रोजगार मूलक कार्य



## खेल युवक कल्याण विभाग द्वारा किया जाता है आयोजन

# जिले में पांच वर्ष से ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का नहीं हो रहा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण स्तर की खेल प्रतिभाओं को सामने लाने के लिए खेल युवक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन बीते पांच वर्ष से बंद होने के कारण ग्रामीण अंचलों की खेल प्रतिभाएं सामने नहीं आ रही है, जबकि राष्ट्रीय स्तर की ग्रामीण खेलकूल प्रतियोगिता में जिले की महिला खिलाड़ी अपना स्थान भी बना चुकी हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद प्रतियोगिता के लिए खेल मैदान तैयार करने हेतु पंचायत स्तर पर जमीन का चिन्हांकन करने के साथ ही पसान क्षेत्र में एक मिनी स्टेडियम तैयार किया गया है। जहां ग्रामीण स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन होता रहा। इस प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिला खिलाड़ी राज्य और राष्ट्रीय स्तर के ग्रामीण महिला खेलकूल स्पर्धा में भाग भी ले चुकी हैं। खेल युवक कल्याण विभाग के द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिता के लिए शालेय खेलकूद कैलेंडर की तरह इनका भी कार्यक्रम जारी होता था, जिसके तहत प्रत्येक जिले के ब्लॉक स्तर पर ग्रामीण स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन कर जिला स्तर से टीम तैयार करते हुए राज्य स्तर में भेजा जाता था। खो-खो, कबड्डी, रस्सा खींच, फुटबॉल जैसे खेल की प्रतिभाएं प्रतियोगिता के माध्यम से उभरकर सामने आती थी। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके आयोजन से वो प्रतिभाएं भी खेल में भाग लेती थी, जो स्कूल छोड़ने के कारण खेलकूद से दूर हो चुकी थी। ऐसी प्रतिभाओं को अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता था। कोरबा जिले के पसान स्टेडियम में ग्रामीण स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है, किंतु पांच साल से इसके आयोजन को लेकर कोई कार्यक्रम राज्य स्तर से जिले के खेल युवक कल्याण विभाग को नहीं मिला। इसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का खेल कैलेंडर ही तैयार नहीं हुआ। जिले के खेल अधिकारी दीनू पटेल के अनुसार ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता में कोरबा जिले से हमेशा ग्रामीण खेल प्रतिभाएं राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपना स्थान बना चुकी हैं। आयोजन को लेकर राज्य शासन से निर्देश आने पर पुनः प्रतियोगिता प्रारंभ की जाएगी।

**ईंट भट्ठों में भूजल का दोहन**

सिंचाई पंपों से जलस्तर नीचे जाने का मामला तो सामने आता है। दूसरा सबसे बड़ा कारण जो सामने आया है उसके अनुसार ग्रामीण अंचलों में चलने वाले ईंट भट्ठोंल में जिस तरह से बिजली पंप का उपयोग कर भूजल का दोहन हो रहा है उससे भी जलस्तर नीचे गया है। बिना परमिशन के भूजल का दोहन होने के कारण जलस्तर में गिरावट दर्ज हो रही है। अवैध रूप से पंपों का संचालन कर भूजल का व्यवसायिक उपयोग का मामला अब तक पीएचई विभाग ने भी नहीं पकड़ा है, जबकि ईंट भटठों में भूजल का उपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है। यह स्थिति प्रतिवर्ष निर्मित होती है, किंतु प्रशासनिक कार्यवाही नहीं होने से संख्या बढ़ते ही जा रही है।

# निगम स्टाफ को फायर फायटिंग का दिया गया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिक निगम के अधिकारी कर्मचारियों को शनिवार को फायर फायटिंग का प्रशिक्षण प्रशिक्षक द्वारा दिया गया तथा आग लगने की आपातकालीन घटनाओं से निपटने व आग बुझाने के तरीकों की प्रेक्टिकल रूप से जानकारी दी गई। नगर निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत परिसर में दिए गए इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता एमएन सरकार, प्रकाश चन्द्रा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी अशोक देशमुख, जनसंपर्क अधिकारी रावेन्द्र सिंह, राजस्व अधिकारी, अनिरूद्ध सिंह, सहायक अभियंता आरके मसीह, पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, उप अभियंता विनोद गोंड़, अजुलता तिग्गा, सहा. लेखाधिकारी प्रदीप सिकदर, निगम सचिव रामेश्वर कंवर, गोविंद पालीवाल, हिमांशु राठौर, पुखराज यादव, आनंद दुबे, नितिन शर्मा, सरस देवांगन, सदानंद द्विवेदी, भावेश यादव, अरूण मिश्रा, सुभाषिनी, राजकुमार सिंह, तीजराम, नीलाम्बर यादव, भूपेन्द्र, शंकर साहू, गुलाब सिंह, छबिलाल, बिहारी यादव, मनोज श्रीवास, विकास टंडन, समीर, अशोक जायसवाल, जीवन कर्ष, संजय भास्कर, आदि के अन्य लोग उपस्थित थे।

# अज्ञात कारणों से युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



हरदीबाजार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बोईदा के बरपारा में एक युवती ने म्यार में दुपट्टा को फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी घर सहित आस-पास व पूरे बोईदा में फैल गई, जिसकी सूचना ग्रामीणों व कोटवार के द्वारा हरदीबाजार थाना आकर दी गई।

जानकारी के अनुसार हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम बोईदा बरपारा निवासी तुलसी गोंड की 18 वर्षीय पुत्री ज्योति ने शुक्रवार रात अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवती ने अपने घर की छत पर लगी म्यार से चुन्नी (दुपट्टा ) बांधकर फंदे से झूल गई। मृतिका का पिता दशगात्र में बेलतरा बेलपारा गया हुआ था, वहीं उसकी मां शादी में हरदीपारा गई हुई थी। मृतिका ज्योति अपने दादी के साथ खाना खाकर सोने चली गई, उसकी दादी सामने कमरे में सोई थी और वह पीछे कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह जब उसका दादी उठी तो उसने देखा कि ज्योति फांसी के फंदे पर झूल गई है। उसकी दादी ने जब वारदात को देखा तो वह इसकी सूचना आसपास के लोगों को दी। हरदीबाजार पुलिस को घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पहुंच कर शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया। युवती ने किन कारणों के चलते आत्महत्या की है।

# कोल स्टाक, आईटी प्रयासों का प्रयोग व रख रखाव देखने सतर्कता टीम खदानों के दौरे पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के सीवीओ के निर्देशन में कोल स्टाक सहित आईटी प्रयासों के प्रयोग व रखरखाव को देखने सतर्कता टीम खदानों के दौरे पर हैं। उन्होंने 3 मई को एसईसीएल के विभिन्न संचालन क्षेत्रों में सतर्कता विभाग की टीम द्वारा खदानों का निरीक्षण किया गया। कोयला मंत्रालय के निर्देशानुसार समस्त कोल कम्पनियों में सतर्कता जागरूकता के अंतर्गत इस नए अभियान की शुरूआत की गयी है।

एसईसीएल के सीवीओ जयंत कुमार खमारी स्वयं एसईसीएल कुसमुण्डा खदान पहुँचे जहाँ उन्होंने कोल स्टाक, बूम बेरियर, वे-ब्रिज आदि का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश जारी किए। जिसके बाद श्री खमारी कोल फेस पहुंचे एवं प्रत्येक स्थान पर संग्रहित कोल स्टाक को देखा। सीवीओ एसईसीएल ने सीएचपी व साइलो का भी अवलोकन किया। सतर्कता विभाग की एक अन्य टीम द्वारा रायगढ़ एरिया के छाल खदान का निरीक्षण किया गया। सतर्कता टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर औचक कोल स्टाक मेजरमेंट, सीसीटीवी, वे-ब्रिज जैसे आईटी टूल्स के प्रयोग व दक्षता का निरीक्षण किया जा रहा है। टीम में अन्य सम्बद्ध विभागों के विशेषज्ञ अधिकारी भी शामिल है। आने वाले दिनों में टीम द्वारा अन्य क्षेत्रों व खदानों में भी निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रखी जाएगी। विदित हो कि सतर्कता विभाग द्वारा समय-समय पर औचक निरीक्षण, जाँच आदि के प्रयास किए जाते रहे हैं, वहीं प्रिवेन्टीव विजिलेंस के अंतर्गत वर्ष भर जागरूकता के प्रयास किए जाते हैं।



निरीक्षण करते सीवीओ एवं अन्य अधिकारी।

# महिला और ग्रामीण पर हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम छिरहुट में परछी में सो रहे एक ग्रामीण की आरोपी ने डंडे से पिटाई कर दी। घटना में गणेशराम कंवर के सिर पर चोटें आई है। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित ने आरोपी का नाम धोबी राम मंझवार बताया है। ग्रामीण का कहना है कि वह खाना खाने के बाद रात लगभग नौ बजे घर के परछी में सो रहा था। लगभग रात साढ़े 11 बजे धोबी राम आया और परछी में सोने की बात को लेकर गाली-गलौज करते हुए विवाद करने लगा। इसके बाद पास में रखे डंडे से ग्रामीण के सिर पर हमला कर दिया। आवाज सुनकर परिजन घर से बाहर निकले। इस बीच आरोपी मौके से भाग निकला। पुलिस ने आरोपी केखिलाफ मारपीट का केस दर्ज किया है। इसी तरह ग्राम छिरहुट में ही रहने वाली ईतवारी मंझवार पर भी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके सिर पर डंडे से हमला कर दिया। घटना रात लगभग साढ़े 11 बजे की बताई जा रही है। पीड़िता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईतवारी के सिर से खून निकलता हुआ देखकर परिजनों ने डॉयल 112 को कॉल किया। महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### रेलवे कालोनी के सूने मकान में हुई चोरी

**कोरबा।** रेलवे कॉलोनी के पास के एक मकान में चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने सोने व चांदी के समान सहित 50 हजार रुपए नकदी की चोरी कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में चोरी का केस दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस ने बताया कि रनिंग रूम रेलवे कॉलोनी के पास उसका मकान है।

# ट्रेनों में भीड़, चुनाव में लगी बसें भटकने को मजबूर हैं यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विवाह एवं छुट्टी का मौसम होने के कारण ट्रेनों में भीड़ और चुनाव में बसों के अधिग्रहित हो जाने के कारण यात्री भटकने को मजबूर हो गए हैं। टीपी नगर से लेकर पुराना स्टैंड और ग्रामीण अंचलों में चलने वाली यात्री बसों की संख्या अब कम होने से लोगों को निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है वह भी महंगे किराए पर चल रही है।

**खास बात**

- स्कूल बसें भी चुनाव के लिए की गई अधिग्रहित

गर्मी के मौसम में स्कूल में ग्रीष्मकालीन अवकाश के साथ ही वैवाहिक कार्यक्रम का दौर चलने के कारण के कारण शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में इस समय लोग विभिन्न स्थानों में जाने की तैयारी कर रहे हैं। ऐसे में उनके सामने सबसे बड़ी समस्या वाहनों की खड़ी हुई है, जो नहीं मिल रहे हैं। एक तरफ ट्रेन की लेटलतीफी आरक्षण की लंबी लाइन और भीड़ है, वहीं दूसरी ओर सड़क मार्ग में चलने वाली यात्री बसों का चुनाव में अधिग्रहण हो जाने से अब सड़क मार्ग में भी आम लोगों को एक्का दूक्का यात्री बसें ही मिल रही है, जिले से बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, पेण्ड्रा, रायगढ़, जशपुर, सक्ती आदि जिलों के लिए सुबह से बस रवाना होती है। इन जिलों के निवासी सड़क मार्ग से ही अपने गंतव्य तक पहुंचते हैं, किंतु अब उनके सामने इन जिलों की ओर जाने वाली यात्री बसें भी नहीं मिल रही है। जहां तक ट्रेन का सवाल है वह बिलासपुर के अलावा रायपुर, भिलाई, शहडौल, कटनी मार्ग में जाने वाले यात्रियों के लिए सुलभ है, किंतु इन मार्ग में चलने वाली ट्रेनों में भीड़ की स्थिति ऐसी है कि यात्रियों को पैर रखने की जगह नहीं मिल रही है। मजबूरी में निजी वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है और वह भी 15 दिन बाद बुकिंग में मिल रही है।




नया बस स्टैंड में बस की तलाश करते यात्री।

**बारात के लिए भी छोटी गाड़ियों का संकट**

लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों के अलावा वैवाहिक कार्यक्रमों में बारात ले जाने के लिए छोटी गाड़ियां भी लोगों को उपलब्ध नहीं हो पा रही है। चुनाव के लिए छोटी गाड़ियों का भी अधिग्रहण किया गया है। टैक्सी स्टैंड में इस समय जो गाड़ियां खड़ी है उसमें से अधिकांश नई गाड़ियां चुनाव के लिए अधिग्रहित कर ली गई है और जो गाड़ियां स्टैंड में नजर आ रही है उनके रेट इतने अधिक हैं कि आम लोगों की पहुंच से दूर है। मजबूरी में लोगों को अधिक किराए पर छोटी गाड़ियों को बारात के लिए ले जाना पड़ रहा है।

### शादी में गए युवक पर चचेरे भाई और चाचा ने किया डंडे से हमला

**कोरबा।** सिविल लाइन पुलिस ने आपसी विवाद को लेकर घर के छप्पर में तोडफ़ोड़ और युवक से मारपीट का केस दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि घटना में चारपारा कोहडिय़ा में रहने वाले सचिन धमदे को चोटें आई है। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित का कहना है कि वह चकरभाठा में भांजा की सगाई में गया था। वापस लौटने पर उसके रिश्ते में मामा का लडक़ा गन्नू और चाचा सावन ने किसी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। विवाद बढऩे पर गन्नू ने हाथ और मुक्के से सचिन से मारपीट किया। वहीं सावन ने भी पास में रखे डंडे से उसकी पिटाई कर दी।

# कोयला लोड अनियंत्रित ट्रेलर सर्वमंगला नहर में गिरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सर्वमंगला चौकी क्षेत्र अंतर्गत सर्वमंगला फाटक के पास शनिवार की तड़के उफनते नहर में कोयला लोड ट्रेलर अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरा, वहीं चालक लापता बताया जा रहा है।

कुसमुंडा की ओर से कोयला से भरी एक ट्रेलर सर्वमंगला फाटक पार करते ही अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। वहीं चालक को लेकर कोई जानकारी नही मिल पा रही है, कि वह नहर में बह गया या तैर कर बाहर निकल गया। फिलहाल नहर से पानी कम कर ट्रेलर को बाहर निकालने प्रयास किया जाएगा, जिसके बाद ट्रेलर नम्बर और उसके चालक की जानकारी मिल पाएगी। ट्रेलर के ऊपरी हिस्से में डब्ल्यूसीपीएल लिखा हुआ है।



अनियंत्रित होकर नहर में गिरा ट्रेलर।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाले में गिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर नाला में गिर गई। बताया जा रहा है कि अस्थि विसर्जन कर वापस लौट रहा परिवार हादसे का शिकार हो गया।

कार में सवार 6 लोग हुए घायल हो गए वहीं दो की हालत गम्भीर बताई जा रही है जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कटघोरा थाना अंतर्गत जेन्जरा नाले के पास की घटना है। सड़क पर बैठे मवेशी को बचाने के फेर में यह घटी घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही 108 और कटघोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है।



## ऑटो चालक हुआ लूट का शिकार, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सीतामणी रेलवे स्टेशन मार्ग पर देर रात ऑटो चालाक से रुपए लूटने का मामला सामने आया है। इससे चालक डरा हुआ है। इसकी सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है जिनकी तलाश की जा रही है।

घटना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सीतामणी रेलवे स्टेशन मार्ग शनि मंदिर के पास बुधवार-गुरुवार की दरयानी रात लगभग 12.30 बजे की है। पीड़ित अनिल कुमार यादव रेलवे स्टेशन कॉलोनी के पास एक किराए के मकान में रहता है। ऑटो चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता है। बुधवार की देर रात हसदेव एक्सप्रेस कोरबा पहुंची। चालक ऑटो में सवारी को गंतव्य तक छोडक़र वापस रेलवे स्टेशन की ओर लौट रहा था। सीतामणी राम मंदिर के पास दो युवक हाथ दिखाकर ऑटो रूकवाया। रेलवे स्टेशन जाने बात कहते हुए ऑटो में चढ़ गए। गाड़ी जैसे आगे बड़ी और शनि मंदिर नहर चढ़ाव पर पहुंची।

5- MAY-Jash-CORIYA-RAGH-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 5/5/2024 8:16 PM Page 1





# 'कुबेर' से नागार्जुन का फर्स्ट लुक रिलीज...

**नई दिल्ली।** धनुष और रशिमका मंदाना स्टारर 'कुबेर' से नागार्जुन अक्कनिनो का फर्स्ट लुक टीजर रिलीज कर दिया गया है। महीनों पहले फिल्म से धनुष का फर्स्ट लुक आया था। 51 सेकेंड के इस नए टीजर में नागार्जुन का लुक और उनका किरदार ना सिर्फ एक्साइटमेंट बढ़ाने वाला है, बल्कि कहानी को लेकर एक बैचेनी भी पैदा करता है। इसमें नागार्जुन का शांत और गंभीर अंदाज बिना बोले बहुत कुछ कह जाता है। फर्स्ट लुक वीडियो की शुरुआत रात के अंधेरे में भारी बारिश से होती है। वहां नागार्जुन को नोटों से भरे एक ट्रक के सामने छाते के साथ नजर आते हैं।

लाइफ Style



# निया 'सुहागन चुड़ैल' में शैतानी अवतार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

निया उर्फ 'सुहागन चुड़ैल' अपने पहले प्रोमो में एक चेतावनी लेकर आती हैं, 'जिसने सभी से अपने प्यार का ख्याल रखने के लिए कहा है। क्योंकि वो यहां उनका प्यार चुराने आई है।''सुहागन चुड़ैल' में निया शर्मा के साथ जैन इबाद खान भी लीड रोल में हैं।

निया शर्मा के आने वाले टीवी शो 'सुहागन चुड़ैल' का प्रोमो रिलीज हो गया है। एक्ट्रेस सबसे शैतानी अवतार में टीवी स्क्रीन पर वापस आ गई है। फैंस भी प्रोमो को देखकर खूब रिएक्शन दे रहे है। निया शर्मा अपनी दमदार एक्टिंग के लिए जानी जाती हैं। इस बार निया 'सुहागन चुडैल' के साथ वापस आ गई हैं। इस शो में एक्ट्रेस का शैतानी अवतार देखने को मिल रहा है। निया इससे पहले सुपरनेचुरल टीवी शो 'नागिन 4' में नजर आ चुकी हैं। 'सुहागन चुडैल' में निया चुडैल के किरदार में नजर आएंगी। निया उर्फ 'सुहागन चुडैल' अपने पहले प्रोमो में एक चेतावनी लेकर आती हैं, 'जिसने सभी से अपने प्यार का ख्याल रखने के लिए कहा है। क्योंकि वो यहां उनका प्यार चुराने आई है।' 'सुहागन चुड़ैल' में निया शर्मा के साथ जैन इबाद खान भी लीड रोल में हैं। शो में एक्ट्रेस देबचंद्रिमा सिंघा रॉय भी नजर आएंगी। शो की कहानी एक चुडैल के बारे में है जो 200 साल की है और परम शक्ति हासिल करने के मिशन पर है। चुडैल परम शक्ति लेने के लिए 16 श्रृंगार शक्तियां हासिल कर रही है और 16वीं शक्ति सिन्दूर है और इसे लेने के लिए उसे अपने जीवन में 16वें पुरुष को खत्म करना होगा।

## हॉलीवुड मसाला



# क्रिस व रॉबर्ट ने जताई खुशी

**मुंबई।** हॉलीवुड स्टार क्रिस हेम्सवर्थ और रॉबर्ट डाउनी जूनियर इन दिनों काफी खुश नजर आ रहे हैं। दरअसल वे अपने साथी कलाकार जेरेमी रेनर के ठीक होने का जश्न मना रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक साल 2023 जेरेमी रेनर एक दुर्घटना के शिकार हो गए थे। फिल्म 'एवेंजर्स' में क्रिस हेम्सवर्थ और रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने रेनर के साथ काम किया था। क्रिस हेम्सवर्थ और रॉबर्ट डाउनी जूनियर रेनर से बहुत प्यार करते हैं और उनका काफी सम्मान भी करते हैं।



# मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों का भारत में जलवा...

**मुंबई।** मार्वल स्टूडियोज की कई फिल्में और वेब सीरीज भारत में शानदार कलेक्शन कर चुकी है। भारत में हॉलीवुड मूवी देखने का क्रेज तो हमेशा से ही रहा है, लेकिन मार्वल स्टूडियोज की फिल्मों का इंडिया में अलग ही जलवा देखने को मिलता है। हाल ही में मार्वल की धमाकेदार फिल्म 'गार्डियंस ऑफ द गैलेक्सी' का तीसरा पार्ट थिएटर्स में रिलीज होने के बाद अब ओटीटी पर रिलीज हुआ है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई की थी। ये फिल्म डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर इंग्लिश, हिंदी और तमिल समेत कई भाषाओं में स्ट्रीम किया जा चुका है। मार्वल यूनिवर्स पर बेस्ड फिल्मों और सीरीज के अलावा उनके किरदार निभाने वाले भी दुनियाभर में पॉपुलर हैं। इस लिस्ट में सबसे पहला नाम 'आयरन मैन' का है। दुनियाभर के चहेते सुपरहीरो 'आयरन मैन' का किरदार निभाने वाले रॉबर्ट डाउनी जूनियर की अच्छी खासी फैन फॉलोइंग है।



# छोटी सी बात की वजह से छोड़ी 'टॉक्सिक'

**नई दिल्ली।** करीना कपूर केजीएफ स्टार यश के साथ फिल्म टॉक्सिक में नज़र आने वाली हैं, इस खबर ने दोनों एक्टर्स के फैंस को खुश कर दिया था। ये एक जबरदस्त एक्शन फिल्म होती जिसे गीतू मोहनदास डायरेक्ट करने वाले थे। फैंस करीना और यश को स्क्रीन पर देखने का इंतजार कर रहे थे। लेकिन अब ताजा खबर के मुताबिक करीना इस फिल्म से बाहर हो गई हैं। ये फिल्म एक्ट्रेस के करियर के लिए मील का पत्थर होती। लेकिन अब वो टॉक्सिक का हिस्सा नहीं हैं। इसके पीछे की साधारण सी वजह ने फैंस हैरान कर दिया है। रिपोर्ट की माने तो करीना के यश स्टारर फिल्म टॉक्सिक से बाहर होने के पीछे का कारण डेट्स बताई गई है। एक्ट्रेस फिल्म के शेड्यूल के हिसाब से डेट्स मैनेज नहीं कर पा रही हैं।



# 'अगर तुम साथ हो' गाना पसंद था

**मुंबई।** इरफान खान बॉलीवुड के सबसे टैलेंटेड एक्टर्स में से एक थे। उनकी एक्टिंग का हर कोई दीवाना था। कुछ दिन पहले इरफान खान की चौथी पुण्यतिथि थी। अपने पति की चौथी पुण्यतिथि पर पत्नी सुतापा सिकदर ने अपने इंस्टाग्राम पर इरफान के साथ अपनी तस्वीर शेयर करते हुए दिल को छू लेने वाला पोस्ट लिखा था। 3 मई को सुतापा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने लोगों को उनका पिछला पोस्ट पसंद करने के लिए शुक्रिया कहा है। इसी के साथ स्टोरी पर उन्होंने दीपिका और रणबीर की फिल्म तमाशा का एक गाना- 'अगर तुम साथ हो' शेयर किया है। सुतापा ने पोस्ट में बताया कि यह गाना इरफान खान का पसंदीदा गाना था। साथ ही ये गाना उनका भी फेवरेट है।

## टीवी मसाला



# अनुपमा को पछाड़ने में नाकामयाब रही झनक

***नई दिल्ली।** टॉप टीवी सीरियल्स की 17वें हफ्ते की टीआरपी रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस हफ्ते कई टीवी सीरियल को झटका लगा है. हालांकि, टॉप 5 की रैंक पर अनुपमा, ये रिश्ता क्या कहलाता है, झनक और कई पॉपुलर टीवी शोज ही कायम है। रुपाली गांगुली और गौरव खन्ना के शो 'अनुपमा' की टीआरपी संख्या में कोई बड़ा बदलाव नहीं देखा गया है। वहीं, 'ये रिश्ता...' और 'गुम है किसी के प्यार में' कांटे की टक्कर चल रही है।*

*रुपाली गांगुली, गौरव खन्ना, सुधांशु पांडे, सुकीर्ति खंडपाल स्टारर 'अनुपमा' को इस हफ्ते 2.3 की टीआरपी रेटिंग मिली है। इसकी संख्या में थोड़ी गिरावट देखी गई है। क्योंकि पिछले हफ्ते अनुपमा को 2.4 की टीआरपी रेटिंग मिली थी। फिलहाल शो की कहानी श्रुति और आध्या की देखभाल के लिए अनु के कपाड़िया हाउस में जाने के बारे में चल रही है। कृशाल आहूजा और हिबा नवाब का टीवी सीरियल 'झनक' दूसरे नंबर पर है। शो की टीआरपी 2.2 से गिरकर 2.0 हो गई है। झनक और अनिरुद्ध का उलझा हुआ प्यार फैंस को टीवी स्क्रीन से बांधे हुए है। शक्ति अरोड़ा और भाविका शर्मा का टीवी सीरियल 'गुम है किसी के प्यार में' तीसरे नंबर पर है। इसे 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है। शो में हाल ही में ईशान और सावी अलग हुए हैं, सीरियल टीआरपी बरकरार रखने के लिए स्ट्रगल कर रहा है। वहीं रोहित पुरोहित, गर्विता साधवानी और समृद्धि शुक्ला के 'ये रिश्ता क्या कहलाता' को भी 1.8 की टीआरपी रेटिंग मिली है।*

*इसके अलावा टीवी शो टीआरपी चार्ट पर टॉप 5 की रैंक पर वापस आ गए हैं। इसे 1.4 की टीआरपी रेटिंग मिली है। इमली में अद्रिजा रॉय और साई केतन राव मुख्य भूमिका में हैं। टीवी सीरियल 'उड़ने की आशा' जो कि इमली से ऊपर था, अब ये शो इमली से नीचे आ गया है और सीरियल को 1.3 की रेटिंग मिली है। इमली की कहानी भी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है।*

# श्रीकृष्ण राह दिखा रहे हैं अगले जन्म के लिए



**नई दिल्ली।** परिवार में दरार, पत्नी के साथ टूटते रिश्तों को लेकर नीतीश भारद्वाज पिछले कुछ समय से सुर्खियों में छाए हुए हैं। टीवी पर श्रीकृष्ण बन दर्शकों को गीता का पाठ समझाने वाले नीतीश ने हाल ही में स्वीकार किया कि उन्हें अब प्रभु श्रीकृष्ण राह दिखा रहे हैं। उन्होंने बातचीत में, कृष्ण की भूमिका निभाने के प्रति अपने जुनून के बारे में बात की। उन्होंने बताया कैसे कृष्ण का दर्शन उन्हें आध्यात्मिक रूप से विकसित होने में मदद कर रहा है, वो भी तब जब वह जीवन में कठिन समय से गुजर रहे हैं। उन्होंने कहा, मैंने 80 के दशक में सई परांजपे और दिनेश ठाकुर के साथ पेशेवर मराठी और हिंदी थिएटर किया। लेकिन 'चक्रव्यूह' से पहले मेरा आखिरी नाटक यूके में था, जो बॉलीवुड की रूढ़ियों की एक संगीतमय पैरोडी थी। हमने लंदन टाइम आउट पुरस्कार जीता और पूरे यूके और कनाडा का दौरा किया। नीतीश भारद्वाज की दूसरी पत्नी के बीच तनाव चल रहा है। मामला तलाक तक पहुंच गया है। घर-परिवार में आईं इन मुसीबतों के बीच पर्दे पर नीतिश एक बार फिल्म नजर आने वाले हैं। 'चक्रव्यूह' नाम के नाटक में वह एक बार फिर से भगवान कृष्ण के रूप में दिखाई देंगे, जिसका मंचन बहुत जल्द मुंबई में किया जाएगा।

# फेक न्यूज का शिकार बन गईं रागिनी



**नई दिल्ली।** गोविंदा की भांजी टीवी एक्ट्रेस रागिनी खन्ना फेक न्यूज का शिकार बन गईं। सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर तमाम लोग दावा कर रहे हैं कि उन्होंने हिंदू धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपना लिया है। हालात तब और बिगड़ गए, जब रागिनी ने संबंधित पोस्ट को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट किया। एक्ट्रेस ने अब सफाई दी है कि पोस्ट गलत थी और उन्होंने धर्म-परिवर्तन नहीं किया है। रागिनी खन्ना ने यह भी दावा किया कि उन्होंने गलती से पोस्ट का प्रचार कर दिया, यह सोचे बिना कि लोग फेक न्यूज को बढ़ावा दे रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने इस घटना से सीखा है कि हमें एक्टर होने के नाते ज्यादा सजग रहने की जरूरत है। दरअसल, मैं पिछले कुछ महीनों से फैंस की पोस्ट को दोबारा पोस्ट कर रही हूं। मैं मानती हूं कि आज मैं जो कुछ भी हूं, अपने फैंस की वजह से हूं। मैंने उनका आभार जताया है।' एक्ट्रेस आगे लिखती हैं, 'मैंने सोचा नहीं था कि यह एक समस्या बन जाएगी। मेरी पहचान पर सवाल खड़े किए जाएंगे। एक फैन ने फर्जी पोस्ट बनाया, जिसमें मैं ईसाई धर्म को अपनाते हुए दिखाई गई हूं। पोस्ट के साथ मुझे टैग किया गया। फिर उसने मेरे साथ साझेदारी करने की अनुमति मांगी। मैं अपनी गलती मानती हूं।. उसने कुछ वक्त बाद, वह फेक पोस्ट शेयर की, जिसमें मैं धर्म-परिवर्तन पर बात कर रही हूं। वह बिल्कुल फेक है।



# अंकिता को नहीं ऑफर हुई 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3'

**मुंबई।** टीवी की फेमस एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे के सितारे बुलंदियों पर हैं। खबर आई है कि उन्हें करण जौहर की ओर से स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 ऑफर की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे रिजेक्ट कर दिया है। लेकिन जानकारी मिली है कि ऐसा कुछ नहीं है। ये खबर गलत है। अंकिता को करण जौहर की ओर से कोई ऑफर नहीं दिया गया है। अंकिता की टीम ने बताया कि ये फेक खबर है। अंकिता को करण जौहर की ओर से किसी भी प्रोजेक्ट के लिए अप्रोच नहीं किया गया है। हालांकि इससे पहले खबर चल रही थी कि अंकिता को स्टूडेंट ऑफ द ईयर 3 के लिए एक अहम रोल का ऑफर दिया गया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया। करण जौहर इस बार स्टोरी को एक सीरीज के तौर पर बनाने वाले हैं। वो बिग बॉस में अंकिता की पर्सनैलिटी से बेहद इम्प्रेस हुए थे। एक्ट्रेस की पॉपुलैरिटी को देखते हुए उन्होंने उन्हें कास्ट करने का फैसला लिया था।

## एक एक्ट्रेस तो 14 बार प्रेग्नेंट होने के बाद भी नहीं बन पाईं मां

# कई अभिनेत्रियों को नहीं मिला औलाद का सुख

***मुंबई।** मां बनना हर औरत के लिए बेहद खूबसूरत एहसास होता है. हालांकि हिंदी सिनेमा की कुछ अभिनेत्रियां शादी के सालों बीत जाने के बाद भी इस एहसास से महरूम रही। इम अदाकारों को मां बनने सा सुख नसीब नहीं हुआ। बॉलीवुड की कई ऐसी अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने अपनी प्रोफेशनल लाइफ में काफी नेम-फेम हासिल किया, लेकिन पर्सनल लाइफ में काफी दर्द झेले। यहां तक कि कई अभिनेत्रा ताउम्र मां बनीं बन पाईं और बेऔलाद रहीं। कई एक्ट्रेसेस ने तो मां बनने के लिए काफी ट्रीटमेंट भी कराया, लेकिन इनकी गोद सूनी ही रही।*

बॉलीवुड की एवरग्रीन एक्ट्रेस रेखा की एक्टिंग और खूबसूरती के आज भी लोग दीवाने हैं। इस अदाकारा की पर्सनल लाइफ काफी उतार-चढ़ाव भरी रही। रेखा उन बदनसीब अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो बेऔलाद हैं। दिग्गज एक्ट्रेस ने बिजनेसमैन मुकेश अग्रवाल से शादी की थी। शादी के एक साल बाद ही रेखा के पति ने सुसाइड कर ली थी। इसके बाद से रेखा तन्हा जिंदगी गुजार रही हैं और उन्हें मां बनने का सुख नसीब नहीं हुआ है।



रेखा



शबाना आजमी

शबाना आजमी ने जावेद अख्तर से शादी की है। शबाना जावेद की दूसरी पत्नी है। शादी के सालों बाद भी ये जोड़ी बेऔलाद है। हालांकि जावेद के पहली पत्नी हनी ईरानी से दो बच्चे हैं, फरहान अख्तर और जोया अख्तर। शबाना इन्हें ही अपने बच्चों की तरह मानती हैं।

बॉलीवुड की कैबरे क्वीन और दिग्गज एक्ट्रेस हेलन ने सलमान खान के पिता और स्क्रीन राइटर सलीम खान से शादी की थी। हेलन भी सलीम की दूसरी पत्नी और बेऔलाद हैं। हेलेन सलीम खान की पहली पत्नी सलमा खान के चारों बच्चों सलमान, अरबाज, सोहेल और अलवीरा को अपने बच्चों की तरह ही प्यार करती हैं। वहीं सलीम और हेलन ने बच्चा ना होने पर बेटी अर्पिता को गोद ले लिया था।



हेलन



कश्मीरा शाह

बॉलीवुड एक्ट्रेस कश्मीरा शाह ने गोविंदा के भांजे कृष्णा अभिषेक से शादी की है। एक्ट्रेस भी नेचुरली कंसीव नहीं कर पाईं। कश्मीरा ने मां बनने के लिए ट्रीटमेंट भी करवाया और 14 बार कंसीव करने की कोशिश की, लेकिन उन्हें औलाद का सुख नसीब नहीं हुआ। बाद में कश्मीरा और कृष्णा अभिषेक सरोगेसी के जरिये दो बेटों को पैरेंट्स बने।

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री सायरा बानो का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। सायरा ने 1966 में दिलीप कुमार से शादी की थी। इस जोड़ी की भी कोई संतान नहीं हुई। दरअसल मेडिकल कॉम्पिलेशन की वजह से सायरा कभी मां नहीं बन पाईं।



सायरा बानो

## खबर संक्षेप

### गोठान में तालाब खनन मिल रहा रोजगार

**कटेली।** सारंगढ़ जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत कटेली में मनरेगा के तहत गोठान में नया तालाब खनन का कार्य किया जा रहा है। गांव में लोग भारी संख्या में पहुंचकर मनरेगा में कार्य कर रहे हैं खेती किसानी का काम पूरा होते ही ग्रामीण रोजगार के लिए महानगरों की ओर जाते हैं। ऐसी स्थिति बनी रहती थी पूरा का पूरा गांव खाली हो जाता था ऐसे में मनरेगा के तहत गांव में ग्रामीणों के लिए मनरेगा का काम स्वीकृत होने से वरदान साबित हो रहा है। ग्राम पंचायत सरपंच के नेतृत्व में कार्य सुचारू रूप से किया जा रहा है ग्रामीण भारी संख्या में मनरेगा के कार्य कर खुश हैं।


### सर्पदंश से अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

**रायगढ़।** जमीन में रेंगती मौत ने किराना दुकान के पास बैठे एक किसान को इस कदर डसा कि मेकाहारा में 4 दिन तक सघन उपचार के बाद भी उसकी मृत्यु हो गई। सर्पदंश से मौत की यह घटना कोतरा रोड थाना क्षेत्र की है। घटना की विवेचना कर रहे हेमसागर पटेल ने बताया कि जिला मुख्यालय से तकरीबन 10 किलोमीटर दूर ग्राम कुसमरा में रहने वाला युधिष्ठिर राणा पिता परशुराम राणा 58 वर्ष खेती किसानी करता था। बीते मंगलवार सुबह लगभग 10 बजे युधिष्ठिर गांव के किराना दुकान के पास जाकर बैठा था। इस दौरान दुकान के बगल निर्माणाधीन मकान के रॉ मटेरियल से अचानक निकले जहरीले सांप ने किसान के बाएं हाथ की तर्जनी अंगुली को डस दिया। युधिष्ठिर सहित आसपास के लोगों ने सर्प को भागते देखा तो माजरा समझ मे आते ही आनन-फानन में पीड़ित को तत्काल वाहन द्वारा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। मेकाहारा में डॉक्टर्स के सघन इलाज के बावजूद सर्प का विष पूरे शरीर मे फैलने के कारण जिंदगी और मौत से संघर्षरत युधिष्ठिर की आखिरकार सांसों की लड़ियां टूटकर बिखर गई। फिलहाल अस्पताल की तहरीर पर मर्ग कायम करने वाली कोतरा रोड पुलिस ने शनिवार को जिला चिकित्सालय में पोस्टमार्टम के बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

### सीएमएचओ ने स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवंशी ने आज विकासखंड पुसौर के उप स्वास्थ्य केंद्र औरदा आयुष्मान आरोग्य मंदिर में व्हीएचएसएनडी सत्र का दौरा किया, जिसमें समय पर कर्मचारियों की उपस्थिति पायी गयी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने सत्र में आये हुए समस्त गर्भवती माताओं को समय-समय पर टीका लगाने व प्रसव उपरांत भी शिशु को टीकाकृत करने के लाभ हेतु समझाईश दी एवं उप स्वास्थ्य केंद्र में ओआरएस कार्नर बनाने तथा समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के रिपोर्टिंग सही समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। सीएमचओ ने व्हीएचएसएनडी सत्र में आये हुए ग्रामीण को मतदान के लिए जागरूक करने हेतु शपथ दिलायी। साथ ही वहां ग्राम पंचायतों की सहायता से स्वीप हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

### विद्यार्थियों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**रायगढ़।** कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र रायगढ़ के समस्त छात्र.छात्राओं ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भाग लेकर अपने मतों का प्रयोग करने हेतु नारा लगाया और शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने हेतु मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एके सिंह ने छात्र छात्राओं से आव्हान किया कि वे अपने मतों का प्रयोग देशहित में जरूर करें। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गंगाराम राठिया ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए अपने मतों का प्रयोग करना अत्यंत जरूरी है। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी गण ने अपनी भागीदारी निभाई।

## फूड पैकेजिंग का जॉब दिलाने के नाम पर हुई थी ठगी

# ठगी का शिकार हुए युवक को छाल पुलिस ने लौटाया 3.70 लाख रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

छाल पुलिस द्वारा 28 अप्रैल को ग्राम पुरूंगा निवासी संदीप कुमार तिग्गा पिता लाल साय तिग्गा 36 साल से कनाडियन एयरलाइंस में फूड पैकेजिंग का जॉब दिलाने के नाम पर 3 लाख 70 हजार रुपए की ठगी करने वाले आरोपित कुंदन कुमार पिता रामजतन पंडित उम्र 26 साल निवासी हवासपुर थाना पटोरी जिला समस्तीपुर बिहार हाल मुकाम एमसीएफ 162 चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ को समस्तीपुर बिहार से हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया तथा आरोपी को थाना छाल के धारा 420 में गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया।

मामले में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा ठगी के पीड़ित संदीप कुमार तिग्गा के ठगी के रूपये वापस दिलाये जाने की हेतु न्यायालय में विधिवत प्रतिवेदन प्रस्तुत कराया गया। न्यायालय द्वारा आरोपित कुंदन कुमार से पीड़ित संदीप तिग्गा से ठगी की रकम 3.70 लाख एवं अन्य दो पीड़ित संजीत कुमार कुजूर निवासी सुंदरगढ़ के 3.50 लाख तथा पीड़ित संजोग मिंज निवासी जशपुर के 3.50 लाख कुल 10.70 लाख



रुपए पीड़ितों को सुपुर्दनामे पर वापस करने आदेशित किया गया है। आदेश के पालन में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस द्वारा पीड़ित संदीप कुमार तिग्गा को ठगी के रकम 3 लाख 70 हजार रुपए सुपुर्दनामे पर वापस किया गया है। पीड़ित संदीप कुमार तिग्गा द्वारा न्यायालीन प्रक्रिया पर संतुष्टि जाहिर कर छाल पुलिस का आभार व्यक्त किया गया है।

### छाल थाना प्रभारी ने ली कोटवारों की बैठक

छाल। पुलिस प्रशासन के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर आज छाल थाना प्रभारी हर्षवर्धन सिंह द्वारा क्षेत्र के कोटवारों की एक अहम बैठक ली गई। बैठक में थाना प्रभारी ने चुनाव संबंधित कार्य में बेहतर व्यवस्था बनाए रखने, मतदान केंद्रों की उचित देखरेख करने, कोटवारों को उचित मार्गदर्शन दिया गया। वहीं अपनी ड्यूटी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए पूरी सतर्कता और ईमानदारी से निभाने की बात कही। बता दें पुलिस बल की कमी होने की स्थिति में कोटवारों द्वारा सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई जाती है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस के सहायक के रूप में कोटवारों की खास जिम्मेदारी होती है। आज के इस बैठक में थाना प्रभारी सहित छाल थाना स्टाफ एवं शेत्र के समस्त कोटवार उपस्थित रहे।

### विज्ञापन के लिए पार्टी, प्रत्याशी को दो दिन पहले लेना होगा प्रमाणन

**रायगढ़।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत मतदान के एक दिन पूर्व 6 मई और मतदान दिन 7 मई को समाचार पत्र प्रिन्ट मीडिया में राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन जिला एमसीएमसी रायगढ़ से लिया जाना अनिवार्य है। प्रकाशन की तिथि के कम से कम दो दिन पहले इस प्रमाणन के लिए कोई भी पंजीकृत या अपंजीकृत राजनीतिक दल, कोई भी निर्वाचन लडऩे वाले उम्मीदवार, संगठनए संघ, व्यक्ति का कोई समूह आवेदन कर सकता है। निर्धारित प्रपत्र में आवेदन किया जा सकता है। आवेदन के साथ विधिवित सत्यापित प्रतिलेख के साथ इलेक्ट्रॉनिक रूप में प्रस्तावित विज्ञापन की दो प्रतियांए विज्ञापन के उत्पादन की लागत, क्या विज्ञापन किसी उम्मीदवार या पार्टियों के चुनाव की संभावनाओं के लाभ के लिए है, से संबंधित विवरण। यदि विज्ञापन किसी राजनीतिक दल या उम्मीदवार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा जारी किया जाता है तो उस व्यक्ति को शपथ पर बताना होगा कि यह राजनीतिक दल या उम्मीदवार के लाभ के लिए नहीं है और उक्त विज्ञापन किसी भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार द्वारा प्रायोजित या कमीशन या भुगतान नहीं किया गया है। एक बयान कि सारा भुगतान चेक या डिमांड ड्राफ्ट द्वारा किया जाएगा। जिला स्तर की एमसीएमसी को यह अधिकार है कि वह किसी विज्ञापन को प्रसारित करने लायक न पाए जाने पर उसे प्रमाणन देने से इंकार कर दे। इस आदेश के खिलाफ उम्मीदवार या राजनीतिक दल राज्य स्तरीय एमसीएमसी समिति में अपील कर सकता है। इसी प्रकार राज्य स्तरीय एमसीएमसी आदेश के खिलाफ उम्मीदवार या राजनीतिक दल राष्ट्रीय स्तर की एमसीएमसी समिति में अपील कर सकता है। राजनीतिक प्रकृति के विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन आवेदक से आवेदन प्राप्त होने के दो दिनों के भीतर एमसीएमसी के निर्णय के बारे में आवेदक को सूचित किया जाएगा।



## तेंदूपत्ता तोड़ रहे ग्रामीण पर भालू ने किया हमला, घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटेली

कटेली। सारंगढ़ गोमर्डा अभ्यारण्य के बोसला खोलिहा तालाब के पास जंगल में गए दो अलग-अलग गाँव के निवासी महिला फूलबाई पति पुरषोत्तम जायसवाल निवासी झिलगिटार उम्र 63 वर्ष तथा पुरुष का नाम भरत नायक पिता पुरषोत्तम नायक निवासी घुचापाली उम्र 45 वर्ष को भालू ने घायल कर दिया गया है।

जिनके इलाज हेतु शासकीय अस्पताल बरमकेला में चल रहा है। गोमर्डा अभ्यारण्य के जंगल पहाड़ी क्षेत्र में तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों को भालू ने अचानक हमला कर दिया हमले में दो लोग घायल हुए बाकी गांव के लोग अपनी जान बचाकर दौड़कर वहां से भाग निकले, जंगली भालू उग्र होकर तेंदूपत्ता तोड़ने वाले ग्रामीणों के ऊपर अचानक हमला कर दिया हमले में एक महिला और एक पुरुष को घायल कर दिए बाकी लोग अपनी जान बचाकर चिखने चिल्लाने लगे तभी जंगली भालू वहां से भाग निकला, ग्रामीणों की सूचना पर परिक्षेत्र सहायक चांदीपुर, हीरालाल नायक ने तत्काल मौके में जाकर भालू के हमले में हुए घायल ग्रामीणों की सहायता की, और दोनों घायल को बरमकेला अस्पताल तक पहुंचाया और तत्काल इलाज के लिए बोला गया तथा सहयोग के रूप महिला को 2000 रुपए तथा पुरुष को 1000 रुपए प्रदाय किया गया।

## नाबालिग बालिका से छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

बालिका से छेड़खानी के आरोपी को चक्रधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के निर्देश पर जेल दाखिल कर दिया है। बता दें कि स्थानीय महिला द्वारा थाना चक्रधरनगर में आकर उसकी नाबालिग लड़की के साथ गांव के हेमलाल साव द्वारा गंदी नियत से छेड़छाड़ करने की आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला बताई कि 2 अप्रैल के शाम बालिका गांव के दुकान सामान खरीदने गई थी। जहां पीछे से आकर हेमलाल साव लड़की को गलत तरीके से स्पर्श कर अश्लील शब्दों का प्रयोग किया। लड़की घर आकर रोते हुए घटना बताई। तब बालिका की मां उसे साथ लेकर दुकान गई। लड़की ने दुकान में खड़े हेमलाल की ओर इशारा कर गंदी नियत से छुना और गंदी बातें करना बताई। पीड़ित बालिका की मां द्वारा हेमलाल पर कार्यवाही करने थाना चक्रधरनगर में आवेदन दिया गया। आवेदन पर थाना चक्रधरनगर में आरोपित हेमलाल साव पर धारा 354, 354 क 12 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले में संवेदनशीलता बरतते हुए पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर पीड़ित बालिका का



महिला जांचकर्ता अधिकारी से विस्तृत कथन कराकर तत्काल 'आरोपी हेमलाल साव पिता मिलन साव उम्र 26 वर्ष की पतासाजी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आरोपी को संगीन धाराओं में गिरफ्तार कर आज न्यायिक रिमांड लेने न्यायालय पेश कर जेल वारंट पर जेल दाखिल किया गया है। नाबालिग से संबंधित मामले में त्वरित कार्रवाई में थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, सहायक उप निरीक्षक नंद कुमार सारथी एवं हमराह स्टाफ की अहम भूमिका रही है।

### मतदान दल के लिए बस की सुविधा उपलब्ध

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर लोकसभा निर्वाचन.2024 हेतु ड्यूटी लगाए गए मतदान दल की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उन्हें निर्वाचन ड्यूटी स्थल पर पहुंचाए जाने हेतु बस की व्यवस्था की गई है। उक्त सभी बसें 5 मई 2024 को सायं 4.30 बजे निर्धारित स्थल से गंतव्य हेतु रवाना होगी। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजीव कुमार पाण्डेय ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए उपरोक्त बसों की रवानगी शाम 4.30 बजे की जा रही है। तहसील कार्यालय परिसर धरमजयगढ़ से जो 6 बस रायगढ़ केआईटी गढ़उमरिया के लिए आयेगी इनमें वाहन क्रमांक सीजी 12 एक्स.0215, सीजी 12 एक्स 0216, सीजी 13 क्यू.0618, सीजी 11 ए वाई 8903, सीजी 13 जे 2993 एवं सीजी 13 एके 0961 शामिल है।

## सतर्कता निरीक्षण अभियान के दूसरे दिन एसईसीएल सीवीओ पहुंचे रायगढ़ क्षेत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

एसईसीएल सतर्कता विभाग द्वारा चलाए जा रहे सतर्कता जागरूकता अभियान के दूसरे दिन 4 मई को सीवीओ जयंत कुमार खमारी रायगढ़ क्षेत्र पहुंचे। दौरे के दौरान वे

- कोयला स्टॉक, साइलो, साइडिंग, आईटी उपायों का किया वृहत निरीक्षण

रायगढ़ क्षेत्र की छाल ओसीएम गए जहां उन्होने खदान में सभी जगह जाकर कोयला स्टॉक की जांच की। वे साईडिंग तथा साइलो भी गए तथा कोयला डिस्पैच गतिविधियों की समीक्षा की।

छाल खदान के उपरांत श्री खमारी धरम खदान भी गए जहां उन्होने डी1 एवं डी2 स्टॉक का



निरीक्षण करते हुए एसईसीएल सीवीओ।

निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कोयला मंत्रालय के दिशा-निर्देशन में चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य के कोयला उत्पादन, भंडारण, एवं प्रेषण गतिविधियों को और सुदृढ़ बनाते हुए उनमें पारदर्शिता लाना है जिससे गुड गवर्नेंस को बढ़ावा मिले।

## पैरामिलिट्री अफसरों की बैठक, बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में लोकसभा चुनाव ड्यूटी के लिए आए 11 केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की कंपनियों के अफसरों के साथ गुरुवार को पुलिस कंट्रोल रूम में जिले के पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित किया गया था।

बैठक में पुलिस अधीक्षक डा. दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सेंट्रल फोर्स के अफ़सरों को जिले की भौगोलिक स्थिति, मतदान केन्द्रों, ऑब्जर्वर, निर्वाचन अधिकारियों की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। उन्होंने पैरामिलिट्री फोर्ट के रूकने के स्थान, रूट प्लान, पोलिंग डे ड्यूटी और अन्य महत्वपूर्ण ड्यूटी को लेकर अफसरों से चर्चा किये और प्रशासन व पुलिस की तैयारियों की जानकारी दिए। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सामान्य और संवेदनशील श्रेणी के मतदान केंद्र पर अर्धसैनिक बल और स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई है। अधिकतर बूथों को सीसीटीवी लैस किया गया है। प्रशासन और पुलिस



सभी विभागों के साथ कार्डिनेशन बनाकर कार्य कर रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चुनाव ड्यूटी में अर्धसैनिक बलों किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के मोबाईल नंबर साझा किए। पुलिस अधीक्षक बताये कि जिले में संपन्न हुए पूर्ववर्ती चुनावों में कोई बड़ी चुनावी घटना या कानून व्यवस्था की स्थिति नहीं देखी गई है। जिले के मतदाता प्रशासन और सुरक्षाबलों का सहयोग करते हैं। उन्होंने सुरक्षाबलों को चुनाव में निष्पक्ष होकर अपने कर्तव्यों को संपादित करने कहा गया। पुलिस अधीक्षक ने धरमजयगढ़ और लैलूंगा विधानसभा के कुछ क्षेत्रों में हाथियों का विचरण की जानकारी दिये और बताये कि जब तक हाथियों को ना छेड़े वे नुकसान नहीं पहुंचाते। हाथियों को ना छेड़े वनविभाग के कर्मचारीए हाथी रक्षा दलए पुलिस के जवान उन्हें नियंत्रित कर दूर करेंगे।

उन्होंने फोर्स के अधिकारियों को उनके जवानों के ठहरने और ड्यूटी में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस नोडल अधिकारी डीएसपी अखिलेश कौशिक से सीधे संपर्क करने कहा गया व जवान उपस्थित रहे।

## अस्पताल की जमीन पर बन गया मकान, दुकान

**कटेली।** सारंगढ़ के हरदी में भू माफिया ने अस्पताल की जमीन पर कब्जा कर मकान बनवा लिया। यह बात अस्पताल की भूमि पर कब्जे की शिकायत के बाद सामने आई है। ग्राम पंचायत हरदी में स्थापित अस्पताल के आहता को तोड़कर और अस्पताल के अवशिष्ट पदार्थ को नष्ट करने के लिए टंकी के स्थान को पाट दिया गया है। एवं तेजी गती से निर्माण कर रहे हैं। अस्पताल के सरकारी जमीन पर दबंग कब्जा कर रहे हैं। राजस्व टीम ने पैमाइश की तो अस्पताल की जमीन पर अवैध निर्माण की बात खुली। राजस्व विभाग से नोटिस स्थगन आदेश जारी होने के बाद भी धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है अस्पताल की सरकारी जमीन पर बेजा कब्जा कर छोटे-छोटे टुकड़े में अवैध निर्माण कर रहे हैं। दुकान एवं मकान बना रहे हैं। स्थगन आदेश जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य जारी है। स्थगन आदेश को दरकिनार कर भू माफिया के द्वारा तेजी गति से निर्माण दुकान एवं भवन सरकारी जमीन अस्पताल की जमीन पर तेजी गति से निर्माण की जा रही है। शिकायत के बाद शासन प्रशासन तेजी गति से हो रहा है निर्माण पर रोक नहीं लगा पा रही है।




## बांसमुड़ा की शिक्षिका को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई



**खरसिया।** माध्यमिक शाला बांसमुड़ा में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती कौशिल्या नन्दागौरी की सेवानिवृत्ति पर विद्यालय परिवार द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी संकुल प्राचार्य विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक तथा अन्य शिक्षकों की उपस्थिति में विदाई समारोह का आयोजन कर उनका सम्मान किया गया। गौरतलब है कि खरसिया विकासखंड अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय बांसमुड़ा में पिछले लगभग 18 वर्षों से शिक्षक एलबी के पद पर कार्यरत श्रीमती कौशिल्या नन्दागौरी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर 30 अप्रैल को शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त हुई हैं। 3 मई को विद्यालय परिवार द्वारा उनकी सेवानिवृत्ति पर सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन खरसिया के विकासखंड शिक्षा अधिकारी शैलेश देवांगन, पूर्व विकासखंड शिक्षा अधिकारी और संकुल प्राचार्य एलएन पटेल, विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक प्रदीप साहू, मध्यान्ह भोजन के नोडल अधिकारी गुलाबसिंह कंवर सहित संकुल अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में किया गया।

### दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं के लिए किए गए विशेष इंतजाम

# वृद्ध मतदाताओं के लिए वाहन की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर निगम प्रशासन द्वारा शहर के 80 वर्ष से ज्यादा आयु के वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए लोकसभा मतदान दिवस 7 मई को उनके घरों से मतदान केंद्रों तक लाने एवं मतदान के पश्चात मतदान केंद्रों से उनके निवास स्थान तक छोड़ने के लिए निशुल्क वाहन मतदाता रथ का संचालन किया जाएगा।

मतदाता रथ के संचालन और ऐसे मतदाताओं के चिन्हांकन करने के लिए नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।



शनिवार को निगम सभा कक्ष में बैठक कर मतदाता रथ के संबंध में सभी अधिकारी कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा की गई एवं उन्हें मतदाता रथ के परिचालन के दिशा निर्देश बताए गए। बैठक में कहा गया कि मतदाता रथ का बेहतर उपयोग करने के लिए विस्तृत रूट चार्ट के साथ प्लान बनाएं। इस दौरान मतदान केंद्रों में टेंट, कुलर, छाया, पीने के पानी आदि की व्यवस्था पर भी चर्चा की गई। कर्मचारियों अधिकारियों को बताया गया कि मतदाता केंद्रों में मितानिनों द्वारा ओआरएस का वितरण किया जाएगा। इसी तरह मतदान केंद्रों में भोजन व्यवस्था के संबंध में चर्चा की गई और जिन.जिन मतदान केदो में भोजन बनाने की सुविधा नहीं है वहां भोजन पैकेट पहुंचने के निर्देश दिए गए। इसके लिए भी निगम के अधिकारी कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। निर्वाचन सुपरवाइजर, बीएलओ के साथ कर्मचारियों की भी ड्यूटी मतदाता रथ के संचालन के लिए लगाई गई है। मतदाता रथ द्वारा वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों को उनके आवास से मतदान मतदान केंद्र तक लाने एवं मतदान के पश्चात वापस उनको आवास स्थल पर छोड़ने के लिए निशुल्क व्यवस्था रहेगी।

पेज 1 का शेष

### विधायक गोमती ...

नीलांबर यादव, राजेन्द्र पैंकरा, रीना पैकरा, बलभद्र नायक, करम साय यादव, कृष्णा पैकरा, अंकित गुप्ता सहित हितग्राही बहनें, भाजपा के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे। पत्थलगांव शहर भाजपा मंडल में विधायक गोमती साय ने महतारी वंदन योजना के अभिनंदन कार्यक्रम में उपस्थित नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि देश की आधी आबादी को मोदीजी ने हक देने का बिल संसद में पास कर दिया है। इस चुनाव में आपके आशीर्वाद से तीसरी बार मोदीजी के प्रधानमंत्री बनते ही महिला अधिकार बिल लागू हो जाएगा। महतारी वंदन योजना के तहत अब हमारी सभी माताओं बहनों को प्रति 1000 रुपए मिल रहे है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील अग्रवाल, पत्थलगांव शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल मित्तल, सुचिता एक्का, भुवनेश्वरी बेहरा, अंजू टोप्पो, रेणु विश्वास, मिनी माहेश्वरी, रेखा मुनी भागत, डॉ. बी. एल. भागत, प्रियेश शुक्ला, संजय लोहिया, सुरेंद सहित मतदाता बहनें, भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

